बैठूँ। सारा कुन्बा एक साथ ईश्वर के दरबार में जा पहुँचे; लेकिन फिर सोचा—तूने अभी ऐसा कौन-सा काम किया है, जिसका इतना ऊँचा पुरस्कार मिले? बहन! चिता की लपटों में मुझे ऐसा मालूम हो रहा था, कि अम्माँजी सचमुच भान को गोद में लिये बैठी मुसकिरा रही हैं, और स्वामीजी खड़े मुझसे कह रहे हैं, तुम जाओ और निश्चिन्त होकर काम करो। उनके मुख पर कितना तेज था! रक्त और अग्नि ही में तो देवता बनते हैं।

मैंने सिर उठाकर देखा। नदी के किनारे न-जाने कितनी चिताएँ जल रही थीं। दूर से ये चितावली ऐसी मालूम होती थीं, मानो देवताओं ने भारत का भाग्य गढ़ने के लिए भट्टियाँ जलाई हों।

जब चिताएँ राख हो गईं, तो हम लोग लौटे; लेकिन उस घर में जाने की हिम्मत न पड़ी। मेरे लिए अब वह घर न था। मेरा घर तो अब यह है, जहाँ बैठी हूँ, या फिर वही चिता। मैंने घर का द्वार भी नहीं खोला। महिला-आश्रम में चली गई। कल की गोलियों में कांग्रेस-कमेटी का सफ़ाया हो गया था। यह संस्था बाग़ी बना डाली गई थी। उसके दफ़्तर पर पुलिस ने छापा मारा और उस पर अपना ताला डाल दिया। महिला-आश्रम पर भी हमला हुआ। उस पर भी ताला डाल दिया गया। हमने एक वृक्ष की छाँह में अपना नया दफ़्तर बनाया और स्वच्छन्दता के साथ काम करते रहे। यहाँ दीवारें हमें क़ैद न कर सकती थीं। हम भी वायु के समान मुक्त थे।

संध्या समय हमने एक जुलूस निकालने का फैसला किया। कल के रक्तपात की स्मृति, हर्ष और मुबारकबाद में जुलूस निकालना आवश्यक था। लोग कहते हैं, जुलूस निकालने से क्या होता है। इससे यह सिद्ध होता है, कि हम जीवित हैं, अटल हैं और मैदान से हटे

मचता है। मगर चाय को कोई नहीं पूछता, जो कीटों से खाली, उत्ते-जक और पुष्टिकारक है। सारे देश की मति मारी गई है। ( नोट करता है ) गवर्नमेंट से प्रश्न करना चाहिये। असेंबली खुलते ही प्रश्नों का ताँता बाँध दूँगा।

प्रश्न—क्या गवर्नमेंट बतायेगी कि गत पाँच सालों में भारतवर्ष में चाय की खपत कितनी बढ़ी है, और उसका सर्वसाधारण में प्रचार करने के लिए गवर्नमेंट ने क्या क़दम लिये हैं ?

( एक रमणी का प्रवेश। कटे हुए केश, आड़ी माँग, पारसी रेशमी साड़ी, कलाई पर घड़ी, आँखों पर ऐनक, पाँव में ऊँची एड़ी के लेडी शू, हाथ में एक बटुवा लटकाये हुए, साड़ी में ब्रूच है, गले में मोतियों का हार।)

क़ानूनी—( हाथ बढ़ाकर ) हल्लो मिसेज़ बोस ! आप खूब आईं. कहिये, किधर की सैर हो रही है ? अबकी तो 'आलोक' में आपकी कविता बड़ी सुन्दर थी। मैं तो पढ़कर मस्त हो गया। इस नन्हें-से हृदय में इतने भाव कहाँ से आ जाते हैं ! मुझे आश्चर्य होता है। शब्द-विन्यास की तो आप रानी हैं। ऐसे-ऐसे चोट करनेवाले भाव आपको कैसे सूझ जाते हैं ?

मिसेज़ बोस—दिल जलता है, तो उसमें आप से आप धुएँ के बादल निकलते हैं। जब तक स्त्री-समाज पर पुरुषों का यह अत्याचार रहेगा, ऐसे भावों की कमी न रहेगी।

क़ानूनी—क्या इधर कोई नई बात हो गई ?

बोस—रोज़ ही होती रहती है। मेरे लिए डाक्टर बोस की आज्ञा नहीं कि किसी के घर मिलने जाओ, या कहीं सैर करने जाओ। अबकी कैसी गरमी पड़ी है कि सारा रक्त जल गया; पर मैं पहाड़ों पर न जा सकी। मुझसे यह अत्याचार, यह गुलामी नहीं सही जाती।

थी और वहीं एक अन्धा लड़का अपनी खंजरी बजाकर गा रहा था—

'वतन की देखिये तक़दीर कब बदलती है।'

वह खिड़की के सामने पहुँचा, तो गोदावरी ने पुकारा—ओ अंधे! खड़ा रह।

अंधा खड़ा हो गया। गोदावरी ने संदूक़ खोला; पर उसमें उसे एक पैसा मिला। नोट और रुपए थे; मगर अंधे फ़क़ीर को नोट या रुपए देने का तो सवाल ही न था। पैसे अगर दो-चार मिल जाते, तो इस वक्त वह ज़रूर दे देती; पर वहाँ एक ही पैसा था, वह भी इतना घिसा हुआ था, कि कहार बाज़ार से लौटा लाया था। किसी दूकानदार ने न लिया था। अंधे को वह पैसा देते हुए गोदावरी को शर्म आ रही थी। वह ज़रा देर तक पैसे को हाथ में लिये असमंजस में खड़ी रही। तब अंधे को बुलाया और पैसा दे दिया।

अंधे ने कहा—माताजी, कुछ खाने को दीजिये। आज दिन भर से कुछ नहीं खाया।

गोदावरी—दिन भर माँगता है, तब भी तुझे खाने को नहीं मिलता?

अंधा—क्या करूँ माता, कोई खाने को नहीं देता।

गोदावरी—इस पैसे का चबैना लेकर खा ले।

अंधा—खा लूँगा माताजी, भगवान् आपको खुसी रखे। अब यहीं सोता हूँ।

( २ )

दूसरे दिन प्रातःकाल कांग्रेस की तरफ़ से एक आम जलसा हुआ। मिस्टर सेठ ने विलायती टूथ पाउडर विलायती ब्रुश से दाँतों पर मला, विलायती साबुन से नहाया, विलायती चाय विलायती प्यालियों में पी,

'आपके पिता का नाम ज्वालादत्तजी है।'

'उस नाम के भी कई आदमी हो सकते हैं।'

अमरकान्त ने जेब से दियासलाई निकाली और वहीं सुखदा के सामने उस साड़ी को जला दिया।

सुखदा ने कहा—आप कल आयेंगे ?

अमरकान्त ने अवरुद्ध कण्ठ से कहा—नहीं सुखदा, अब जब तक इसका प्रायश्चित्त न कर लूँगा, न आऊँगा।

सुखदा कुछ और कहने जा रही थी कि अमरकान्त तेज़ी से क़दम बढ़ाकर दूसरी तरफ़ चले गये।

[ ३ ]

आज होली है ; मगर आज़ादी के मतवालों के लिए न होली है न वसन्त। हाशिम की दूकान पर आज भी पिकेटिंग हो रही है और तमाशाई आज भी जमा हैं। आज के स्वयंसेवकों में अमरकान्त भी खड़े पिकेटिंग कर रहे हैं। उनकी देह पर खद्दर का कुरता है और खद्दर की धोती। हाथ में तिरंगा झंडा लिये हैं।

एक स्वयंसेवक ने कहा—पानीदारों को यों बात लगती है। कल तुम क्या थे, आज क्या हो। सुखदा देवी न आ जातीं, तो बड़ी मुश्किल होती।

अमर ने कहा—मैं उसके लिए तुम लोगों को धन्यवाद देता हूँ। नहीं मैं आज यहाँ न होता।

'आज तुम्हें न आना चाहिये था। सुखदा बहन तो कहती थीं, मैं आज उन्हें न जाने दूँगी।

'कल के अपमान के बाद अब मैं उन्हें मुँह दिखाने योग्य नहीं हूँ। जब वह रमणी होकर इतना कर सकती हैं, तो हम तो हर तरह के कष्ट

